# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित : कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में मनाया गया सुशासन दिवस

❒ विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए पात्र हितग्राही

रायगढ़



पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जयंती के अवसर पर आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, उप नेता प्रतिपक्ष नगर निगम शीनू राव, सुभाष पाण्डेय, शैलेश माली, सुजीत लहरे, सीईओ जिला जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, महेश पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशन में अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर आज सुशासन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्र चेतना के लोकप्रिय कवि, पत्रकार, प्रखर वक्ता एवं राजनेता थे। जिन्होंने देश के विकास की रुपरेखा की तय की।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश के साथ ही जिले में सुशासन सप्ताह का आयोजन किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की दूरगामी सोच थी कि कि शासन और जनता बीच की दूरी कम हो, उनके सपनों का परिणाम है कि आज प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से गांव-गांव की सड़कों को पक्की सड़कों के रूप में तब्दील कर मुख्य मार्गो से जोडऩे का कार्य किया जा रहा है जो सुशासन का एक महत्वपूर्ण कदम है। उनके प्रयास से परमाणु परीक्षण कर आज भारत विश्व पटल पर परमाणु समृद्ध देश पंक्ति में मजबूती के साथ खड़ी है। वाजपेयी जी किसी भी कार्य को सोचने के साथ धरातल में उतारने और हकीकत में बदलने से डरते नहीं थे। आज पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत शौचालय जैसी योजनाएं इसी का परिणाम है। हम पिछले सप्ताह सुशासन सप्ताह के माध्यम से जिले के सभी अधिकारियों को आवास के साथ ही विभिन्न कार्यो का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि सुशासन का तात्पर्य ही शासन का जनता तक पहुंचना और इसमें सभी की समान भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी लोगों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि आज सुशासन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं से अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने के साथ ही योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है।

**सुशासन दिवस पर पात्र हितग्राहियों को किया गया शासकीय योजनाओं से लाभान्वित**

आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि सुशासन दिवस के अवसर पर पात्र लोगों को हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिसके तहत पीएमजीएसवाय 2.0 के तहत 1200 हितग्राहियों का पंजीयन, साथ ही 450 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया, 457 लोगों का राशन कार्ड वितरित के साथ ही 10 हितग्राहियों का प्रतीकात्मक गृह प्रवेश करवाने का कार्य भी किया गया। मेडिकल यूनिट के माध्मय से 781 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आयुष विभाग द्वारा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु लोगों को काढ़ा पिलाया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर जिले में मनाया गया सुशासन दिवस

❒ पीएम आवास हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पाती का हुआ वितरण

❒ गांव के अटल चौक में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम, शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

रायगढ़



पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आज जिले भर में सुशासन दिवस मनाया गया। जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अटल चौक में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के जनकल्याणकारी योजनाओं विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना आदि के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा पीएम आवास हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पाती वितरित किया गया। इसी कड़ी में पुसौर के ग्राम पंचायत छीच, तरडा एवं सूपा में सुशासन दिवस मनाया गया। जहां अटल चौक में सुशासन के वाचन के साथ स्थाई प्रतीक्षा सूची और आवास प्लस सूची का वाचन किया गया एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इसी कड़ी में घरघोड़ा विकासखण्ड में सुशासन दिवस के अवसर पर शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया तथा अमृत सरोवर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत वृक्षारोपण किया का आयोजन किया गया। बिहान की दीदियों द्वारा खुले में शौच मुक्त करने तथा स्वच्छता आधारित कार्यक्रम का संकल्प चक्र बनाकर संकल्प लिया गया। पंचायतों में सुशासन रंगोली, बच्चों द्वारा कविता का पाठ करने वालो को पुरस्कृत किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। महिला बाल विकास द्वारा कुपोषण के दुष्परिणाम एवं मुक्ति के उपाय, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मान व विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्थाई सूची और आवास प्लस सूची, विष्णु के सुशासन एवं अन्य सरकारी योजनाओं का वाचन कर आवास हितग्राहियों को विष्णु की पाती का वितरण किया गया। इसी तरह प्राथमिक शाला लालपुर संकुल केंद्र मिलूपारा विकासखंड तमनार एवं ग्राम पंचायत परिसर में ग्रामीणों को सुशासन दिवस की जानकारी दी गई। जनपद पंचायत रायगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री का पत्र विष्णु की पाती का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच, उपसरपंच, सचिव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरूष उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पत्नी मोबाइल में थी बिजी, भड़के पति ने दूसरी मंजिल से धकेला

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पत्नी के मोबाइल देखने से नाराज हुए पति ने उसे दूसरी मंजिल की बालकनी से नीचे फेंक दिया। जानकारी के मुताबिक पति सुनील जनबंधु काम से घर लौटा था। इसके बाद उसने पत्नी ने खाना मांगा, लेकिन पत्नी खाना देने की जगह मोबाइल देखने में व्यस्त थी। इस पर पति को इतना गुस्सा आया कि वो पत्नी को दूसरी मंजिल की बालकनी में ले गया और वहां नीचे फेंक दिया। इसके बाद गंभीर हालत में पत्नी को रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। यह घटना गुढियारी थाने के विकास नगर इलाके की बताई जा रही है। पति और पत्नी के बाद खाना ना देने और मोबाइल फोन देखते रहने को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद पति उसे खींचते हुए बालकनी तक ले आया और ऊपर से धक्का दे दिया। पति के धक्का देने से नीचे गिरी पत्नी को गंभीर चोट आई है। इसके बाद आस-पास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। महिला को डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

### 875 प्रकरणों में 90 लाख रुपए जुर्माना वसूल

**बलौदाबाजार-भाटापारा (आरएनएस)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में ओवर स्पीड, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले एवं नाबालिक बालकों को अपने वाहन चलाने के लिए देने वाले लोगों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की गई है। साथ हघ सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया गया है।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस की कार्यवाई

रायगढ़

कोतवाली पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ रेलवे बंगलापारा निवासी आशीष चौहान (21 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक नीले रंग की होंडा SP125 मोटरसाइकिल बरामद की गई है, जिसकी कीमत लगभग ₹70,000 है।

मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट 24 दिसंबर 2024 को देवेश रोशन (23 वर्ष), निवासी पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा, ने थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी। देवेश ने बताया कि उसने अपनी होंडा SP125 मोटरसाइकिल (क्रमांक CG-13 AV-2532) 21 दिसंबर की रात रेलवे स्टेशन के पास खड़ी की थी, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मामले में अपराध क्रमांक 773/2024, धारा 303(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया।

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति रेलवे बंगलापारा के पास चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना पर प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू और हमराह स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर संदेही आशीष चौहान को हिरासत में लिया।

पूछताछ में आशीष ने 21 दिसंबर की रात रेलवे स्टेशन के पास सुनसान इलाके में खड़ी बाइक को चोरी करने की बात स्वीकार की। चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को चोरी के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल, प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू और उनकी टीम ने सक्रियता दिखाते हुए चोरी के मामले को सुलझाया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से शहर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

सहकार से समृद्धि योजना

## नवीन पंजीकृत समितियों के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

❒ पंजीयन प्रमाण पत्र, केसीसी कार्ड, माइक्रो एटीम का किया गया वितरण

रायगढ़



केन्द्र सरकार की सहकार से समृद्धि अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन को मजबूत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सहकारी समितियों में नई सुविधाएं बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए डेयरी, मत्स्य पालन के क्षेत्र में नई सहकारी समितियों के गठन को बढ़ावा दिया जा रहा है। वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज जगदलपुर में राज्य में गठित 300 से अधिक नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारम्भ किया।

इसी कड़ी में आज सहकार से समृद्धि योजनान्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत में पैक्स, दुग्ध, मत्स्य एवं बहुआयामी सहकारी समितियों का 5 वर्ष के भीतर नवीन सहकारी समिति पंजीकृत करने का लक्ष्य निर्धारित है। फल स्वरुप वर्तमान में जिले के 6 मत्स्य एवं 5 दुग्ध सहकारी समिति का पंजीयन कर आज के कार्यक्रम में नवीन पंजीकृत समितियों के सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजन किया गया। साथ ही पंजीयन प्रमाण पत्र, केसीसी कार्ड, माइक्रो एटीम वितरण किया गया। प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कांटा हरदी के प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को सीएससी सेंटर के माध्यम से सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उप आयुक्त सहकारिता एवं विभाग निरीक्षक, उपसंचालक पशुपालन, सहायक संचालक मत्स्य पालन, ओएसडी अपेक्स बैंक उपस्थित रहे।

## सक्षम योजना से सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ती महिलाएं

❒ अंजली एवं मालती शुरू करेगी स्वयं का व्यवसाय

रायगढ़

छत्तीसगढ़ महिला कोष के तहत संचालित सक्षम योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। इस योजना से जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने में महती भूमिका निभा रही है। योजना का उद्देश्य विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा और अविवाहित महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में सशक्त बनाना है।

ऐसी ही कहानी है तहसील पुसौर के ग्राम लारा निवासी अंजली भोय की। जो सिलाई का कार्य जानती थीं, लेकिन आर्थिक तंगी



के कारण इसे व्यवसाय के रूप में नहीं कर पा रही थीं। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की पुसौर परियोजना की सुपरवाइजर की सहायता से उन्होंने सक्षम योजना के लिए आवेदन किया। इस योजना के तहत उन्हें 2 लाख रुपये की ऋण राशि स्वीकृत हुई है। अब अंजली भोय सिलाई के कार्य को व्यवसाय के रूप में शुरू कर सकती है। अब वह अपने बच्चों का पालन-पोषण कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सकती है। इसी प्रकार तहसील खरसिया के ग्राम कलमी पो.भैनापारा निवासी मालती बाई चौहान एक छोटे स्तर पर सब्जी उगाने और बेचने का कार्य करती थीं। उनकी सीमित आय के कारण व्यवसाय विस्तार संभव नहीं हो पा रहा था। सक्षम योजना के तहत उन्हें 80 हजार रुपये की ऋण राशि स्वीकृत हुई। अब वह सब्जी उत्पादन और विक्रय को बड़े स्तर पर कर अपने परिवार की आय बढ़ा सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि सक्षम योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है, जिसके तहत महिलाएं मात्र 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हितग्राही भोय एवं मालती कहती है महिला एवं बाल विकास विभाग में संचालित सक्षम योजना उन महिलाओं को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जो बहुत जरूरतमंद है और जिन्हें आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर होना है। यह कम ब्याज दर में अच्छी योजना है, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो सकती है। उन्होंने सक्षम योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दी है।

## अवैध धान परिवहन पर संयुक्त कार्यवाई, पिकअप वाहन सहित 58 बोरी धान जब्त

रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में अवैध धान विक्रय रोकने संयुक्त टीम बनाई गई। जिसके माध्यम से जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में नियमित रूप से निगरानी की जा रही है ताकि अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के साथ ही मंडी अधिनियम का पालन सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में बीती रात्रि संयुक्त जांच दल राजस्व, खाद्य, मंडी एवं कृषि विभाग ने अंतराज्यीय सीमा ग्राम लमडांड़ बिजना, तहसील तमनार में उड़ीसा से अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए बिजना निवासी भीष्म देव गुप्ता के पिकअप वाहन को पकड़ा। जिसमें 58 बोरी धान लोड था, जिसे मंडी अधिनियम के तहत जप्ती की कार्यवाही की गई। वाहन को जब्त कर हमीरपुर समिति को सुपुर्द किया गया।

## सुशासन सप्ताह: राजस्व शिविर में दिव्यांग दलित राम राठिया के राजस्व प्रकरण का तत्काल हुआ निराकरण

रायगढ़



राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्य में 19 से 24 दिसंबर 2024 तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में तहसील खरसिया के विभिन्न गांवों में राजस्व शिविर आयोजित किए गए। जिसके तहत 23 दिसंबर को ग्राम खम्हार में तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों को प्रशासनिक योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। आयोजित राजस्व शिविर में दिव्यांग दलित राम राठिया के वर्षो पुरानी राजस्व प्रकरण का निराकरण किया गया।

राजस्व शिविर में गांव बर्रा निवासी दलित राम राठिया, जो दिव्यांग हैं। कुछ समय पहले ही इनके माता-पिता का देहांत हो गया था एवं वह गांव फरकानारा में स्थित अपनी भूमि में फौती नामांतरण करवाना चाहते थे। जिसके लिए उन्होंने राजस्व शिविर में उपस्थित होकर आवेदन दिया। तहसीलदार ने आवेदन पर तत्काल समस्या का निराकरण करते हुए फौती नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की। दलित राम राठिया ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि गांवों में राजस्व शिविर लगाए जाने से लोगों को काफी राहत मिली है। जिसके लिए उन्होंने राज्य शासन एवं जिला प्रशासन की सराहना की।

उल्लेखनीय है कि सुशासन सप्ताह के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर एवं घर पहुंच स्थानीय ग्रामीणों को उनके आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र और अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान में सहायता प्रदान की गई। सुशासन सप्ताह का उद्देश्य शासन की योजनाओं का ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों के लाभांवित करना था।

## प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए विद्यालयों में संचालित हो रही कोचिंग कक्षाएं

रायगढ़

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के विशेष प्रयास से रायगढ़ जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय खोला गया है। प्रयास आवासीय विद्यालय में बच्चों को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षा में चयन करने के लिए विशेष कोचिंग कक्षाएं चलाई जाती है। जिसके लिए आदिम जाति कल्याण विभाग से प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है।

रायगढ़ जिले के अंतर्गत 645 शासकीय विद्यालय एवं 209 अशासकीय विद्यालय कुल 854 माध्यमिक शालाओं में कक्षा आठवीं की कक्षा संचालित है। शासकीय 645 विद्यालयों में 13782 और अशासकीय 209 विद्यालयों में 6280 बच्चे कुल 20061 बच्चे वर्तमान सत्र में अध्यनरत है। कलेक्टर



कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले में कक्षा आठवीं में अध्यनरत सभी पात्र बच्चों को प्रयास विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु ज्यादा से ज्यादा बच्चों का चयन हो इसके लिए सभी माध्यमिक शालाओं को प्रयास विद्यालय का फॉर्म भरने हेतु निर्देशित किया जा रहा हैं, जिसके परिपालन में सभी विद्यालयों द्वारा फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही प्रयास विद्यालय में रायगढ़ जिले से अधिकतम छात्रों का प्रवेश हो इसके लिए शिक्षा विभाग के द्वारा सभी स्कूलों में प्रयास प्रवेश परीक्षा की अभ्यास पुस्तिका दो सेट एवं राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए दो सेट अभ्यास पुस्तिका क्रय करने हेतु सभी प्रधान पाठकों को निर्देशित किया गया है।

अभ्यास पुस्तिका की सहायता से सभी स्कूलों को प्रतिदिन अंतिम कालखंड में प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा एवं राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए नियमित कक्षा संचालित करने और शनिवार के दिन पूरे दिन भर उपरोक्त दोनों परीक्षाओं के लिए विशेष कक्षाएं चलाने की निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में रायगढ़ जिले में संचालित सभी शासकीय शालाओं में शाला प्रबंधन समिति के अनुमोदन पश्चात समस्त प्रधान पाठकों के द्वारा दो सेट प्रयास विद्यालय के लिए प्रश्न पुस्तिका एवं दो सेट राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति के लिए दो सेट प्रश्न पुस्तिका क्रय कर ली गई है और इसके माध्यम से सभी विद्यालयों में छात्रों को विशेष कक्षा संचालित की जा रही है, ताकि अधिकतम छात्रों को प्रवेश प्रयास आवासीय विद्यालय में हो सके। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.राव एवं जिला परीक्षा नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल के प्रयास से अधिकतम छात्रों को चयन हो सके इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480